कुमार गंधर्व जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री

# कालजयी शास्त्रीय गायक पं. कुमार गंधर्व अद्वितीय व्यक्तित्व के धनीः डॉ. यादव

भोपाल (काप्र)।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देवास में पद्मविभूषण पं. कुमार गंधर्व जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर स्थानीय पं. कुमार गंधर्व प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में शामिल हुए।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कलापिनी कोमकली ने पद्मविभूषण पं. कुमार गंधर्व की जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम की रूप रेखा बताई। देवास विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार ने कार्यक्रम में आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पं. कुमार गंधर्व संगीत की दुनिया में अद्वितीय थे। हम धन्य है कि हमें जन्म शताब्दी कार्यक्रम में आने का सौभाग्य मिला है। हमनें देवताओं को तो नहीं देखा, न इंद्र की सभा में कभी गए, लेकिन पं. कुमार गंधर्व के माध्यम से समझ सकते हैं कि इंद्र की सभा कैसी होती होगी। कालजयी शास्त्रीय गायक पंडित कुमार गंधर्व अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पद्मविभूषण पं. कुमार गंधर्व छाया चित्र की प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में पं. कुमार गंधर्व के जीवन के अलग-अलग काल खंड के चित्र अवलोकन के लिए लगाए गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंडित कुमार गंधर्व के जीवन पर आधारित टेबल कैलेंडर का विमोचन किया। पं. कुमार गंधर्व देवास के कोहिनूर है। उन्होंने कहा कि प. कुमार गंधर्व छाया चित्र की प्रदर्शनी में दिख रहा है कि उन्होंने बड़े-बड़े कलाकारों के साथ बाल कलाकार के रूप सुंदर प्रस्तुतियां दी है। प्रदर्शनी में पं. कुमार गंधर्व के बाल कलाकार से बडे होने तक का विराट रूप देखा है। पं. कुमार गंधर्व अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव है। जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के पहले दिन संगीत सभा की शुरुआत शास्त्रीय गायक भुवनेश कोमकली के गायन से हुई।

मुख्यमंत्री आज सागर जाएंगे

# डेढ़ किमी जन आभार यात्रा और पीटीसी में आभार सभा के बाद करेंगे संभाग की समीक्षा

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री पद का दायित्व सम्हालने के बाद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शनिवार 20 जनवरी को पहली बार सागर जायेंगे। डॉ. मोहन यादव का दोपहर 12.30 बजे हैलीकॉप्टर से पुलिस लाईन हैलीपेड पर आगमन होगा।**

जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री डॉ.यादव की आगवानी करेंगे। हैलीपेड के बाहर मुख्यमंत्री विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भेंटकर ज्ञापन लेंगे। डॉ.मोहन यादव हैलीपेड के गेट से जन आभार यात्रा में शामिल होगें। जन आभार यात्रा का मार्ग लगभग डेढ़ किलो मीटर का होगा। मुख्यमंत्री की जन आभार यात्रा विवेकानंद चौराहा, जिला पंचायत चौराहा, चर्च चौराहा, लाल स्कूल, झंडा चौक, काली तिराहा होते हुए एम.एल.बी. तिराहा पहुंचेगी, जहां से डॉ.यादव पीटीसी मैदान पर आयोजित आभार सभा स्थल पहुंचेगें।

जन आभार यात्रा के मार्ग में जगह-जगह मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बुंदेली परम्परा और संस्कृति के अनुरूप भव्य स्वागत होगा। छात्र-छात्राएं भी उन्हें लाउड स्पीकर प्रतिबंधित करने पर आभार व्यक्त करेंगे। वहीं जैन समाज सहित अन्य सामाजिक संगठन खुले में मांस और अंडा के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के लिए धन्यवाद देगें। डॉ. मोहन यादव दोपहर 1.10 बजे पीटीसी ग्राउंड पर आयोजित आभार सभा को संबोधित करेंगे। जिले के अनेक विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में सागर संभाग की समीक्षा बैठक लेगें। सर्वप्रथम वे आईजी, डीआईजी, कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों के साथ सागर संभाग में कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। दोपहर 3.30 बजे से डॉ. मोहन यादव विकास कार्यो के संबंध में संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। संभागीय समीक्षा बैठक के बाद वे पुलिस लाईन स्थित हैलीपेड से हैलीकॉप्टर द्वारा भोपाल रवाना हो जायेगें। डॉ.मोहन यादव सागर जिले के लिए 62.03 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण तथा 10.94 करोड़ के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित किये गये 26.80 करोड़ के बस टर्मिनल, 13.87 करोड़ के ट्रांसपोर्ट नगर एवं मैकेनिक्स कॉम्पलेक्स, 6 करोड़ के 20 चाईल्ड वेलफेयर सेंटर (आंगनवाड़ी) एवं 42 लाख रूपये से 2 जोनल सिटीजन फैसिलिटेशन सेंटर का लोकार्पण करेंगे। वे लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित 1.94 करोड़ के कनेरा गोड से मनक्याई मार्ग लंबाई 2 कि.मी. एवं 3.57 करोड़ के लरेठी से तहरोली अब्दापुर मार्ग लंबाई 3.10 कि.मी. तथा नगर निगम द्वारा निर्मित 1.17 करोड़ के मीट मार्केट का लोकार्पण करेंगे। साथ ही म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के द्वारा निर्मित 8.26 करोड़ के एन.एच. से रवारा से बुढ़ना (एमडीआर) मार्ग का लोकार्पण भी करेंगे।

## जनजातीय संग्रहालय में श्रीलीला समारोह आज से आरंभ

**भोपाल (काप्र)।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा 20 से 22 जनवरी तक श्रीलीला समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रेसवार्ता का आयोजन म.प्र जनजातीय संग्रहालय में 19 जनवरी को किया गया, जिसमें संचालक, संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे, संग्रहाध्यक्ष अशोक मिश्र एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के बारे में श्री त्रिपाठी ने बताया कि श्रीलीला समारोह हंसध्वनि सभागार , रवींद्र भवन परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पहले दिन 20 जनवरी को शिरीष राजपुरोहित-उज्जैन के निर्देशन में महादेव लीला-नाट्य प्रस्तुति दी जायेगी। वहीं दूसरे दिवस 21 जनवरी को चंद्रमाधव बारीक के निर्देशन में श्रीहनुमान लीला-नाट्य एवं तीसरे दिवस 22 जनवरी को रविशंकर जोशी, इंदौर द्वारा निषादराज गुह्य लीला-नाट्य प्रस्तुति दी जायेगी। समारोह प्रतिदिन सायं 07 बजे से होगा।

24 को भोपाल आ रहे हैं राम...

# सुनो श्री राम कहानी की अरुण गोविल द्वारा संगीतमय प्रस्तुति

**भोपाल (काप्र)।** अरुण गोविल रामायण सीरियल के राम के मुखारविंद से सुनो श्री राम कहानी का संगीतमय आयोजन 24 जनवरी को दिन बुधवार, बिट्टन मार्केट, दशहरा मैदान पर शाम 5ः00 से रखा गया है जिसमें संपूर्ण रामायण को ग्राफिक्स और संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

सुनो श्री राम कहानी के माध्यम से श्री राम के जीवन को प्रेरणा और आदर्श के साथ मानव कल्याण का मार्ग कैसे प्रशस्त करेंगे। श्री राम कथा आज की युग के बच्चों, युवाओं व परिवारों में हमारी संस्कृति और संस्कार के साथ धर्म के प्रति मन में नई ऊर्जा का संचार करेगा यह कार्यक्रम आज की युवा पीढ़ी में धर्म और आस्था और संस्कारों का बोध कराएगी। 24 जनवरी दोपहर 3ः30 बजे रामपथ यात्रा 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर से कार्यक्रम स्थल तक निकाली जाएगी जिसमें सर्व समाज द्वारा यात्रा में श्री अरुण गोविल जी का भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले 1100 अंकों द्वारा शंखनाद किया जावेगा शंख ध्वनि से भगवान राम से प्रदेश की उन्नति और प्रगति के लिए राम भक्त आवाहन करेंगे। रहवासियों से अनुरोध है कि वह अपने घर से शंख लेकर आएं और शंख ध्वनि से सभी के कल्याण के लिए भगवान राम से प्रार्थना करें। साथ ही राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 5000 दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे।पत्रकार साथियों मित्रों से आग्रह है कि कार्यक्रम की भव्यता बनाने और अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम में राम भक्त राम में हो जाए।

कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक संपन्न

# अनुशासनहीनता करने वाले 150 कांग्रेसजनों को दिया कारण बताओ नोटिस

भोपाल (काप्र)।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आज प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेसजनों द्वारा पार्टी प्रत्याशियों के विरुद्ध चुनाव लड़ने वालों की हुई प्राप्त शिकायतों को लेकर कांग्रेस की अनुशासन समिति में आज बड़ा निर्णय लिया गया, जिसके तहत प्रदेश भर के लगभग 150 कांग्रेसजनों को कारण बात नोटिस जारी कर उनसे उक्त गतिविधियों को लेकर 10 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। मप्र कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि पार्टी विरोधी कार्य करने वालों द्वारा यदि 10 दिवस के भीतर में सकारात्मक जवाब प्राप्त नहीं होता है तो कांग्रेस पार्टी द्वारा उनके विरुद्ध अनुशासनहीनता की कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

श्री सिंह ने बताया कि गत् संपन्न विधानसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ जो व्यक्ति चुनाव लड़े थे उन्हें पूर्व में ही पार्टी द्वारा निष्कासित किया जा चुका है, उस निर्णय पर भी आज कांग्रेस की अनुशासन समिति ने अपनी मोहर लगा दी है। कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक में समिति के सदस्य मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह, पूर्व मंत्री एन.पी. प्रजापति, सज्जन सिंह वर्मा, पी.सी. शर्मा, सईद अहमद और हर्ष यादव आदि उपस्थित थे।

## पत्रकारिता विवि में होगा राम आख्यान

भोपाल (काप्र)।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के माखनपुरम परिसर में विश्वविद्यालय द्वारा नवगठित भरतमुनि शोधपीठ के तत्वाधान में 23 से 25 जनवरी तक तीन दिवसीय राम आख्यान का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 23 जनवरी को श्रीराम एवं गणतंत्र विषय पर प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार अपने विचार व्यक्त करेंगे। द्वितीय दिवस 24 जनवरी को रामचरित मानस में प्रबंधन के सूत्र विषय पर मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एवं स्टडीज के प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव अपने विचार व्यक्त करेंगे एवं तृतीय दिवस दिनांक 25 जनवरी 2024 को महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. संजीव शर्मा राम आख्यान में संचार के सूत्र विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। तीन दिवसीय राम आख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. के.जी. सुरेश करेंगे । व्याख्यान में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय दिवस का संयोजन श्री गिरीश उपाध्याय, कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी एवं पुस्तकालय विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.आरती सारंग करेंगी ।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### 15000 लाभार्थियों...

को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने सोलापुर में रायनगर हाउसिंग सोसाइटी के 15,000 घरों को समर्पित किया, जिनके लाभार्थियों में हजारों हथकरघा श्रमिक, विक्रेता, बिजली करघा श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक और चालक शामिल हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र में पीएम-स्वनिधि के 10,000 लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त के वितरण की भी शुरुआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री कुछ पल के लिए भावुक भी हो गए। उन्होंने रूंधे गले से कहा कि काश ! उन्हें युवा अवस्था में ऐसे घरों में रहने का अवसर मिला होता। उन्होंने कहा कि खुशी तब मिलती है जब लोगों के सपने सच होते हैं। उनका आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। जिन लोगों को मकान मिले हैं, उनसे 22 जनवरी को राम ज्योति जलाने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि यह उनके जीवन से गरीबी मिटाने की प्रेरणा होगी। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने वह काम किया जिससे उनके लोगों को खुशी मिली। मेरी सरकार गरीबों के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। हमने उनकी कठिनाइयों को कम करने के लिए योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो गई है। मोदी ने कहा कि घरों और शौचालयों का निर्माण 10 वर्षों में हुआ है क्योंकि इन सुविधाओं की कमी गरीबों, विशेषकर महिलाओं के लिए अपमानजनक थी। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं के लिए मोदी की 'इज्जत की गारंटी' वाले 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया है और अब तक चार करोड़ से ज्यादा पक्के घर उपलब्ध कराए। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों का कल्याण और श्रमिकों की गरिमा पर उनकी सरकार का ध्यान रहा है। उन्होंने लोगों से बड़े सपने देखने की अपील करते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

### एविएशन मार्केट को...

भी डिजाइन करेगा। उन्होंने कहा कि एविएशन और एयरोस्पेस सेक्टर में भी हम महिलाओं के लिए नए अवसर बनाने में जुटे हैं। चाहे फाइटर पायलट हों या सिविल एविएशन हो। आज भारत महिला पायलट के मामले में लीड कर रहा है। आज भारत के पायलट में से 15 प्रतिशत महिला पायलटहैं। ये ग्लोबल एवरेज से तीन गुना ज्यादा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत का चंद्रयान-3 वहां पहुंचा, जहां कोई देश नहीं पहुंच पाया। इस सफलता ने देश के नौजवानों में वैज्ञानिक स्वभाव को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल कर्नाटक में एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण सुविधा का उद्घाटन किया गया था। कर्नाटक एक बड़े विमानन केंद्र के रूप में उभर रहा है। युवाओं के लिए यह अच्छी खबर है क्योंकि इस सुविधा से उन्हें विमानन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न कौशल में प्रशिक्षण प्राप्त करने का मौका मिलेगा। हमारा प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़े। यह महिला नेतृत्व वाले विकास का समय है। विमानन और एयरोस्पेस क्षेत्रों में हम महिलाओं के लिए नए रास्ते बनाने का प्रयास करते हैं।

### अयोध्या-उज्जैन का...

लड्डू हैं। इस अवसर खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, श्री भगवान दास सबनानी, भोपाल विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री लिली अग्रवाल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का निर्देश है कि श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के दर्शन के लिए देशवासी क्रमबद्ध रूप से अयोध्या आएं। जब मध्यप्रदेश का नंबर आएगा, तब सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य के मंचन द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के विराट स्वरूप को जीवंत करते हुए हम अयोध्या पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोकतंत्र को गौरान्वित कर रहे हैं और लोकतंत्र की शक्ति का सार्थक उपयोग करते हुए उन्होंने रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मार्ग प्रशस्त किया। उज्जैन से अयोध्या लड्डू भेजकर हम समाज में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की मिठास बनाए रखना चाहते हैं। भोपाल के मानस प्रतिष्ठान से अयोध्या के लिए लड्डू प्रसाद का प्रस्थान भी शुभ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि भगवान राम का जीवन संघर्षों से भरा रहा, उनके जीवन ने मर्यादा के विविध रूपों का पालन करने के प्रसंग प्रस्तुत किए और महर्षि वाल्मीकि ने विविध प्रसंगों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। भगवान श्रीकृष्ण मनुष्य को मर्यादा में जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। भगवान श्रीराम के प्रति प्रेम, श्रद्धा, भक्ति की प्रतिमूर्ति के रूप में ही श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, परन्तु खेद का विषय है कि कुछ लोग इस शुभ अवसर पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे है।

### श्रीराम से जुड़ा...

में जुड़े हुए है। पुल बनाने में वानरों की तरह की गिलहरी का योगदान भी बेहद अमूल्य है। भगवान राम ने गिलहरी के योगदान को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कमजोर और छोटे का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। आपकी ताकत या आप क्या करते हैं यह महत्वपूर्ण नहीं है। जो मायने रखता है वो है आपका प्यार। भगवान राम ने छोटी सी गिलहरी के दिल में उत्पन्न प्यार को बेहद अहम बताया था। इस बातचीत के बीच में ही भगवान राम ने गिलहरी को अपने हाथ में उठाया था और उसकी पीठ पर हाथ फेरा था, जिससे उसकी पीठ पर तीन लकीरें उभर गई थी। कहा जाता है कि गिलहरी के शरीर पर ये लकीरें भगवान राम के स्नेह और आशीर्वाद का प्रतीक है।

# सभी श्रीराम शोभा यात्रा में शामिल होंः सिंधी पंचायत

**भोपाल (हिनप्र)।** पूज्य सिंधी पंचायत अमर हेमू कालाणी की 101 शहादत दिवस 21 जनवरी को मनाएगी। सुबह 10 बजे हेमू कालाणी स्टेडियम, फायर ब्रिगेड स्थित व नगर निगम मन्दिर में स्थित कालाणी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहेंगे। पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी व महासचिव मांधू चांदवानी ने संतनगर वासियों से 22 जनवरी को शाम 5 बजे निकलने वाली श्री रामचंद्र की भव्य शुभ यात्रा में शामिल होने की अपील की है। पंचायत ने सभी से अपने घर व प्रतिष्ठानों पर दीप प्रज्ज्वलित करने और लाइटिंग करने को कहा है।

# संतनगर में 21 को दिखाई जाएगी अयोध्या गाथा



**भोपाल (हिनप्र)।** संस्था मातृभूमि द्वारा आयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या 21 जनवरी को अयोध्या गाथा 500 वर्षों के संघर्ष की गाथा दिखाई जाएगी व दीये जलाए जाएंगे आतिशबाज़ी कर खुशियां मनाई जाएगी। एआज कार्यक्रम का न्योता नागरिकों को घर-घर जाकर दिया। संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत ने बताया कि 21 जनवरी को शाम 5.30 बजे स्थानीय चंचल चौराहा संत हिरदाराम नगर मैं अयोध्या गाथाका आयोजन होगा। श्री राम पर चित्रकलाः ज्वाला कान्वेंट स्कूल में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम बनाओ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लाइन सिटी वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों को धर्म ध्वजा दी। शोभा यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया।

# भारतीय समाज में प्रभु श्रीराम जन जन के आराध्यः सिद्धभाऊ




**भोपाल (हिनप्र)।** संत सिद्ध भाऊ ने संतनगर के रामानुरागी श्रद्धालुजन से आगामी 22 जनवरी को साधू वासवानी विद्यालय में आयोजित एक दिवसीय अखण्ड रामधुन में पूर्ण आस्था और विश्वास के साथ भाग लेने का आग्रह किया है। रामधुन का शुभारम्भ संत सिद्ध भाऊजी सुबह 08:30 बजे करेंगे । प्रवचन के उपरांत प्रातः 09:00 से संध्या 06:00 बजे तक महिलाएं तथा संध्या 06:00 से अगले दिन सुबह 09:00 बजे तक पुरूष श्रद्धालुजन रामधुन लगायेंगे । उन्होंने कहा है कि तत्कालीन भारतीय समाज के देशकाल और परिस्थितयों के घटनाक्रमों के कारण वे अपने आराध्य की जन्मभूमि से साढ़े पांच सौ बरस तक दूर रहे । भारतीय समाज की जीवन शैली और हृदय में प्रभु श्रीराम रचे और बसे हुए हैं । कोई भी धर्मप्राण व्यक्ति कभी भी प्रभु श्रीराम से विमुख नहीं हो सकता । प्रभु श्रीराम स्वयं न्याय प्रियता और समतामूलक समाज स्थापना के पैरोकार थे। उनके अनुयायियों ने इतने बड़े कालखण्ड तक उनके पद् चिन्हों पर चलकर शान्ति और सद्भावना के साथ अपने आराध्य की जन्मस्थली को पुनः प्राप्त किया है । भारतीय समाज के लिये यह प्रसंग केवल उल्हास का विषय नहीं है यह उनकी आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई बात है । ऐसे पुनीत अवसर पर समाज के सभी वर्ग 22 जनवरी 2024 का दिवस दीवाली की तरह मनाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ज्योति उर्फ रजनी बाई घोषणा करती हूं कि विवाह से पूर्व मेरा नाम ज्योति पुत्री श्री शंकरदास था, विवाह के पश्चात मेरा नाम बदलकर श्रीमती रजनी बाई पत्नी श्री हरगुन दास निवासी म.नं. 04, साहिब बंदगी आश्रम के पास नेवरी मंदिर विठ्ठल नगर लालघाटी भोपाल (मध्य प्रदेश) हो गया है मेरा एक बैंक खाता क्र.01190024003 भारतीय स्टेट बैंक शाखा शाहजहांनाबाद भोपाल में है। जिसमें मेरा विवाह पूर्व का नाम ज्योति अंकित है। अब विवाह के बाद मेरा नाम श्रीमती रजनी बाई हो गया है। ज्योति एवं रजनी बाई दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे श्रीमती रजनी बाई नाम से जाना व पहचाना जाए।

4159

# संतनगर में 11 हजार रामभक्त करेंगे हनुमान चालीसा पाठ



**भोपाल (हिनप्र)।** हुजूर विधानसभा में विधायक रामेश्वर शर्मा प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर कई आयोजन कर रहे हैं। अपने निवास पर श्रीराम मंदिर की भव्य प्रतिकृति की प्रदर्शनी लगाई। वे शनिवार को संतनगर में सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें 11 हजार राम भक्त हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। शहीद हेमू कालानी स्टेडियम में होने वाली हनुमान चालीसा पाठ के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल होंगे। प्रदेश में यह अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होने जा रहा है। शुक्रवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने आयोजन को लेकर निरीक्षण किया। जहां उन्होंने व्यवस्थापकों को आयोजन संबंधी विभिन्न निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि हमारे राजा राम अपने भवन में वापस लौट रहे हैं। मन इतना प्रफुल्लित है कि जैसे जीवन का उद्देश्य पूरा हो गया हो।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्रं. 02 (यांत्रिक विभाग)**

क्र. 26/यां.वि./2023-24 भोपाल, दिनांक 17/01/2023

**निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं।**

TENDER START DATE 17.01.2024 BID SUBMISSION END DATE 31.01.2024 OPEN DATE 01.02.2024

| क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_326883_1 | RENOVATION OF CHABUTRA AND SHED AT VERIOUS PLACES AT KOH E FIZA, RAMANAND NAGAR, BRELA GAON, NRI COLONY AT WARD NO. 7 Z-02 | 206924 | 2069 | 2000 | BUILDING ISSR 2021 | 02 month |
| 2. | 2024_UAD_326894_1 | CONST. OF C.C.ROAD AT GOVT. SCHOOL TO WARD NO. 7, AHAMDABAD PALACE ROAD WARD NO. 7 Z-02 | 257775 | 2578 | 2000 | ROAD AND BRIDGE 2012 | 02 month |
| 3. | 2024_UAD_326903_1 | CONST. OF C.C.ROAD AT SHIVAM APPARTMENT TO NANDI HILLS APPARTMENT BARELA GAON WARD NO. 7 Z-02 | 834392 | 8344 | 2000 | ROAD AND BRIDGE 2012 | 02 month |
| 4. | 2024_UAD_326917_1 | CONST. OF C.C.ROAD AT RAJA BHAI AND SHAKEEL BHAI GALI BARELA GAON GALI NO.2 BARELA GAON WARD NO. 7 Z-02 | 382272 | 3823 | 2000 | ROAD AND BRIDGE 2012 | 02 month |
| 5. | 2024_UAD_326929_1 | CONST. OF C.C.ROAD AT IBAD BHAI GALI AND MAIN ROAD TO COMMUNITY HALL BARELA GAON WARD NO. 7 Z-02 | 466662 | 4667 | 2000 | ROAD AND BRIDGE 2012 | 02 month |
| 6. | 2024_UAD_326938_1 | CONST. OF C.C.ROAD BEHIND SAPNA APPARTMENT SIKANDAR VILLA TO AZMAT HOUSE OLD MOTOR GARAGE COMPOUND AT AHMADABAD PALACE WARD NO. 7 Z-02 | 101625 | 2033 | 1000 | ROAD AND BRIDGE 2012 | 01 month |
| 7. | 2024_UAD_326944_1 | RENOVATION OF JHOOLELAL MANDIR GROUND AT BDA COLONY KOH E FIZA WARD NO. 7 Z-02 | 168738 | 3575 | 1000 | BUILDING ISSR 2012 | 01 month |

1. प्रपत्र की निर्धारित राशि पर एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी website https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

**सहायक यंत्री**
**जोन-2**
**नगर निगम भोपाल**

नि.क्र. 1456/023/024

# संतनगर न्यूज

युवा दिवस- संतनगर के स्कूलों में हजारों बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार
स्वामी विवेकानंद बनकर स्कूल आए सैकड़ों बच्चे
हिरदाराम नगर।
स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस पर शुक्रवार को संतनगर के स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। बच्चे स्वामी विवेकानंदजी का परिधान पहनकर स्कूल आए।
सूर्य नमस्कार किया
मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में %उठो, जागो और तब तक नहीं रूको, तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए% के मूल मंत्र को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। संस्था सचिव एसी साधवानी ने भी विचार रखे। बच्चों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।
हर रोज योग की सीख
साधु वासवानी स्कूल में विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने विवेकानंद बने विद्यार्थियों को प्रणाम किया। साथ ही हर योग करने और अपने शरीर को फिट रखने की सीख दी। कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा नियमित योग करने के फायदे बताए। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।
बच्चे बने विवेकानंद
दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में विद्यालय के 350 विद्यार्थी स्वामी विवेकानन्द के स्वरूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा थे। विधायक रामेश्वर शर्मा, सचिव बसंत चेलानी, पार्षद राजेश हिंगोरानी, जीव सेवा संस्थान के संचालक महेश दयारामानी व अन्य अतिथियों ने परंपरागत तरीके से कार्यक्रम की शुरूआत की।

--

बाक्स

---

यहां भी हुए आयोजन
अनंदराम टी. शाहानी कन्या विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। स्कूल बच्चे विवेकानंदजी की वेशभूषा धारण कर आए। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
ज्वाला कान्वेट स्कूल चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने स्वामीजी के चित्र बनाए और उन पर श्लोक लिखें। प्राचार्य राज बतरा ने अपने विचार रखे।
लाइफ लाइन स्कूल में विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य किरण वाधवानी ने विवेकानंद जी के जीवन परप्रकाश डाला। चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया।
चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल गांधी नगर में विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। प्राचार्या प्रिया जैन शर्मा विवेकानंदजी के व्यक्तित्व को रेखांकित किया।
फोटो- सूर्य नमस्कार।

---------------------

प्राकृतिक चिकित्सा के गुर सीखने आए साधक
आरोग्य केन्द्र में 10 दिवसीय शिविर हुआ शुरू
हिरदाराम नगर।
आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला में शुक्रवार से दस दिनी शिविर की शुरूआत हुई, जिसमें विभिन्न स्थानों से साधकगण अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योगा, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्युप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से राहत की उम्मीद लेकर आए हैं। शिविर में शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी।
शिविर के पहले दिन पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। इसके बाद शुभारंभ व्याख्यान रेजिडेंशियल मेडिकल ऑफिस डॉ दिनेश यादव ने दिया। यादव ने कहा कि शिविर का उद्देश्य है बिना दवा तंदुरूस्ती पाना। शिविर में आप अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखेगें। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर रखा गया है। इस शिविर में आप ऐसी कला सीखेंगें जिससे आप सुखमय व स्वास्थ्यमय जीवन पा सकें।
फोटो- आरोग्य केन्द्र।

-----------------

43 वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी आज से
- वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ़ रोज सोसायटी का प्रतिनिधि मंडल आया
हिरदाराम नगर।
मध्यप्रदेश रोज सोसायटी तथा संचालनालय उद्यानिकी द्वारा आयोजित 43 वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का उदघाटन शनिवार को होगा, सोसायटी के अध्यक्ष लक्ष्मेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी के कोषाध्यक्ष सुशील प्रकाश होंगे। उद्यानों की प्रतियोगिताओं के विजेताओं का पुरस्कार वितरण शाम 4.30 बजे होगा।
उद्घाटन समारोह में विशेष तौर पर वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ़ रोज सोसायटी का प्रतिनिधि मंडल भी आ रहा है जो जनवरी 2028 में भोपाल में आयोजित वर्ल्ड रोज कन्वेंशन की तैयारियों का भी जायजा लेंगे। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी के प्रतिनिधि मंडल में इनेस डियाज़ डी लिकेंड्रो उपाध्यक्ष साउथ अमेरिका, रोसारियो अल्गोर्टो, स्वेन ओसेन, स्वीडन क्लॉडिया हेकर जर्मनी शामिल हैं।
प्रदर्शनी का अवलोकन आम जनता 13 जनवरी को शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक एवं 14 जनवरी को सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक कर सकते है।
फोटो- गुलाब प्रदर्शनी।